आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.11.2025 समय : 1905

- निर्वाचन आयोग ने नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की।
- भारत की जनगणना 2027 में आयोजित होगी– पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन हुआ।
- फिट इंडिया फुटबॉल फॉर स्कूल्स कार्यक्रम के अंतर्गत एक नए केंद्र का आज गर्ल्स स्कूल में उद्घाटन किया गया।

**<><><><><><><>**

निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर. अभियान का दूसरा चरण आज से शुरू हो गया है। इसमें लगभग इक्यावन करोड़ मतदाताओं वाले नौ राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेश शामिल है।

**<><><><><><><>**

भारत की जनगणना 2027 में आयोजित की जाएगी। जनगणना का पहला चरण, मकान सूचीकरण और मकानों की गणना 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होगी। यह जनगणना पहली पूर्ण डिजिटल जनगणना होगी, जहाँ जनगणना कर्मियों द्वारा डेटा संग्रह, प्रबंधन और निगरानी मोबाइल एप्लिकेशन और जनगणना पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इस जनगणना के लिए बनाए गए पारिस्थितिकी तंत्र की प्रभावशीलता के परीक्षण के लिए, प्री टेस्ट अभ्यास आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षण मध्योत्तर अंडमान के डिगलीपुर तहसील, निकोबार के नानकौड़ी तहसील के चुनिंदा गाँवों और श्री विजयपुरम के नगरपालिका परिषद के एक वार्ड में किया जाएगा। नानकौड़ी और डिगलीपुर में पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे है। पदाधिकारियों को प्रशिक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने और अपनी शंकाओं का समाधान करने के लिए कहा गया। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की जनगणना कार्य निदेशक पूर्वा गर्ग ने श्री विजयपुरम में प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया। उन्होंने प्रतिभागियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण पर भी ज़ोर दिया।

**<><><><><><><>**

सांसद विष्णु पद रे अपने दो दिवसीय दौरे पर आज कैम्पबेल बे पहुंचे। उन्होंने पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कैंपबेल बे का दौरा किया। उन्होंने राजीव नगर में आदिवासियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। बाद में सांसद प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कैंपबेल बे गए और पुरुष और महिला वार्डों में मरीजों से मुलाकात की।

इस बीच आज कैम्पबेल में सुनामी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली विद्यार्थी और विभिन्न विभाग शामिल हुए।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान में शिक्षा विभाग की ओर से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए भातूबस्ती स्कूल मैदान में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। समापन समारोह में शिक्षा निदेशालय के कार्यालय प्रमुख ज्ञान शील दुबे उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने इस पहल की सराहना की और आश्वासन दिया कि विभाग प्रतिभाशाली CWSN छात्रों को खेल उपकरण और विशेष प्रशिक्षण प्रदान करके पूर्ण सहयोग प्रदान करता रहेगा। श्री दुबे ने विजेता बच्चों को पुरस्कार और ट्रॉफी वितरित कीं और सभी प्रतिभागियों को उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने स्कूलों और शिक्षकों को समावेशी खेलों को बढ़ावा देने और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के अधिक अवसर उपलब्ध कराने पर बल दिया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को शुरू किए गए जी.एस.टी. उत्सव के अंतर्गत लागू की गई संशोधित दरों से देशभर के कई क्षेत्रों में लोगों को लाभ हो रहा है। आज हम बात कर रहे हैं कि कैसे अगली पीढी के जी एस टी सुधारों से केरल की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।

<><><><><><><>

फिट इंडिया फुटबॉल फॉर स्कूल्स कार्यक्रम के अंतर्गत एक नए केंद्र का आज गर्ल्स स्कूल में उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्राओं में शारीरिक फिटनेस और फुटबॉल कौशल को बढ़ावा देना है। शिक्षा एवं खेल निदेशक विक्रम सिंह ने इस केन्द्र का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में, श्री सिंह ने छात्राओं को समर्पण, अनुशासन और नियमितता के साथ कोचिंग सत्रों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। निदेशक ने इस बात पर ज़ोर दिया कि फुटबॉल कोचिंग न केवल शारीरिक शक्ति, टीम वर्क और नेतृत्व गुणों को विकसित करने में मदद करेगी, बल्कि छात्राओं में आत्मविश्वास और अनुशासन भी पैदा

करेगी। यह कोचिंग कक्षा दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा कार्यालय द्वारा विशेष रूप से लड़कियों को खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने और एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई है। यह कोचिंग कक्षाएं दोपहर 3 बजे से शाम साढ़े चार बजे तक प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की देखरेख में आयोजित की जाएँगी।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय, झारखंड में आयोजित होने वाली उन्नहत्तरवीं एस जी एफ आई राष्ट्रीय स्कूल ट्रैक साइक्लिग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चयन ट्रायल आयोजित करेगा। यह ट्रायल अंडर–17 और अंडर–19 लड़के और लड़कियों के लिए आठ नवम्बर को दोपहर तीन बजे नेताजी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। निजी और सरकारी स्कूलों के इच्छुक छात्र उचित किट और साइकिल तथा सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ इस चयन ट्रायल में शामिल हो सकते है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत पात्र मछुआरों, मछली किसानों, मछली विक्रेताओं, मत्स्य विकास निगमों, स्वयं सहायता समूहों, मत्स्य सहकारी समितियों तथा निजी उद्यमियों से विभिन्न लाभकारी योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन योजनाओं में ब्रैकिश वाटर एक्वाकल्चर के लिए तालाब निर्माण, फिश हैचरी की स्थापना, कोल्ड स्टोरेज, रेफ्रिजरेटेड वाहन, बायो–फ्लॉक तालाब, ओपन सी केज, मछली मूल्य संवर्धन, मछली रियरिंग यूनिट जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। इच्छुक आवेदक अपने निकटतम अंचल मत्स्य कार्यालय, फिश लैंडिंग सेंटर या सब–स्टेशन से संपर्क कर निर्धारित प्रारूप में आवेदन छब्बीस नवंबर तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>